दिनांक 15 जून 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाई में धन्वंतरी मेडिकल स्टोर से दवाई लेने पर लोगों को 51463154 रुपए की हुई बचत , उच्च क्वालिटी की जेनेरिक दवाइयां सस्ती दरों पर हो रही उपलब्ध

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाइयां सस्ती दरों पर उपलब्ध हो रही है। यह सब संभव हो सका है श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना के क्रियान्वयन से। भिलाई निगम क्षेत्र में 6 धन्वंतरी मेडिकल स्टोर संचालित हो रही है। जिसमें से वार्ड 37 मदर्स मार्केट पावर हाउस जीई रोड , वार्ड 37 टी मार्केट सुभाष नगर शास्त्री मार्केट, वार्ड 16 भगवा चौक कैलाश नगर कुरूद, 18 नंबर रोड आंगनबाड़ी के पास, सुपेला शास्त्री अस्पताल तथा सेक्टर 9 धन्वंतरी मेडिकल संचालित हो रही है। मेडिकल स्टोर्स में 55% की छूट तथा 66% की छूट के साथ दवाइयां उपलब्ध है। 257 प्रकार से अधिक की दवाइयां तथा 27 प्रकार के सर्जिकल आइटम मेडिकल स्टोर में उपलब्ध है। मेडिकल स्टोर में ब्रांडेड दवाइयों से कई गुना सस्ती दरों पर दवाइयां उपलब्ध हो रही है। असरकारक जेनेरिक दवाइयों का उपयोग कर लोगों की विश्वसनीयता लगातार बढ़ती जा रही है। धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स में दवाई लेने वाले लोग रेगुलर कस्टमर के रूप में शामिल हो चुके हैं। माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की पहल से अक्टूबर 2021 में धन्वंतरी मेडिकल स्टोर की शुरुआत हुई है। मध्यम वर्गीय परिवार तथा गरीब वर्ग के परिवार के लिए धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स वरदान से कम नहीं है। 239945 लोगों ने अब तक धन्वंतरी मेडिकल स्टोर से दवाई खरीद कर 51463154 रुपए की बचत कर चुके हैं। अब तक लोगों ने 40220657 रुपए की दवाईयों खरीदारी मेडिकल स्टोर से की है। धन्वंतरी मेडिकल स्टोर में दवाइयों के अलावा सामान्य आइटम जैसे रिंग गार्ड, बाम, आयोडेक्स, विक्स वेपोराइजर, डेटॉल, इच गार्ड, सेनेटरी पैड, गर्भनिरोधक के अलावा अन्य ही ऐसे आइटम भी उपलब्ध है।